मेरा वार्ड, मेरा परिवार

# लोगों के बीच रहकर सेवा की, इसलिए छठी बार बना पार्षद; अब पूरे शहर की जिम्मेदारी: राकेश






लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

नगर निगम के वार्ड नंबर-90, जो हल्का उत्तरी के अंतर्गत आता है, के पार्षद एवं सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर ने कहा कि उनका राजनीति और जनसेवा का सफर वर्ष 1997 में कांग्रेस से पहली बार पार्षद चुने जाने के साथ शुरू हुआ था।

इसके बाद उन्होंने लगातार लोगों के बीच रहकर दिन-रात उनकी सेवा की, जिसके चलते जनता ने उन्हें लगातार छठी बार पार्षद बनने का अवसर दिया। राकेश पराशर ने बताया कि वर्ष 2022 में आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल होने के बाद पार्टी नेतृत्व ने उनके अनुभव और जनसेवा को देखते हुए उन्हें पार्षद के साथ-साथ सीनियर डिप्टी मेयर की जिम्मेदारी भी सौंपी। उन्होंने कहा कि वार्ड में करीब 11 हजार मतदाता हैं और पिछले चुनाव में वह लगभग 2 हजार वोटों के बड़े अंतर से विजयी हुए थे। वर्ष 2017 में वार्डों की हदबंदी से पहले यहां करीब 7 हजार मतदाता थे।

### ▪ वार्ड में लगवाए 14 ट्यूबवेल, दो और लगवाएंगे

*उन्होंने बताया कि पार्षद बनने के बाद पिंडी गली, साबन बाजार सहित कई इलाकों में सीवरेज और जलभराव की गंभीर समस्याएं थीं। लोगों की परेशानी को देखते हुए इन क्षेत्रों में स्टॉर्म सीवरेज डलवाया गया, जिससे काफी राहत मिली। इसके अलावा वार्ड में 14 ट्यूबवेल लगाए गए और पानी की बढ़ती जरूरत को देखते हुए दो नए ट्यूबवेल भी जल्द लगाए जाएंगे। राकेश पराशर ने बताया कि लक्कड़ बाजार में एक मोहल्ला क्लीनिक और बच्चों के लिए स्पोर्ट्स पार्क का निर्माण करवाया गया है। वहीं फील्डगंज और लोकल अड्डा क्षेत्र में करीब 18 लाख रुपये की लागत से हाईमास्ट लाइटें लगवाई गई हैं, जिससे लोगों को बेहतर रोशनी की सुविधा मिली है। उन्होंने कहा कि दुख निवारण मुख्य सड़क, बेयरिंग रोड, गुज्जरमल रोड, लेखी वेड़ा, प्रभाकर मोहल्ला, बुक्स मार्केट, फील्ड गंज तथा कुचा नंबर 5, 6 और 7 सहित कई क्षेत्रों में नई सड़कें बनवाई गई हैं। आने वाले समय में शाहपुर रोड सहित अन्य इलाकों में भी सड़क निर्माण कार्य करवाया जाएगा।*

### ▪ 90 लाख रुपये लागत से होगा सौंदर्यीकरण

*सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर ने बताया कि जगराओं पुल के अंदर और बाहर जाने वाले मार्गों पर दीवारों, फुटपाथों और अन्य संरचनाओं के सौंदर्यीकरण के लिए करीब 90 लाख रुपये की लागत से विशेष प्रोजेक्ट*



*शुरू किया जाएगा। इससे क्षेत्र की सुंदरता और सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि वार्ड में फॉगिंग, सीवरेज, पीने के पानी, लाइट और स्ट्रीट लाइट से जुड़ी किसी भी समस्या के समाधान के लिए उनकी टीम हमेशा लोगों के साथ खड़ी रहती है। अब सीनियर डिप्टी मेयर बनने के बाद उन्हें पूरे लुधियाना शहर की सेवा करने का अवसर मिला है और वह इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभा रहे हैं। मेरा वार्ड, मेरा परिवार है। लोगों का प्यार और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है।*

# गोबर और पानी की निकासी की समस्या से परेशान डेयरी मालिकों ने लगाया जाम

## रास्ते पर गोबर फेंक कर लगाया दो घंटे धरना; आश्वासन के बाद हटे



लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

डेयरी कॉम्प्लेक्स में गोबर और गंदे पानी की निकासी की समस्या से परेशान डेयरी मालिकों ने सोमवार को हंबड़ा रोड स्थित डेयरी चौक पर धरना देकर सड़क जाम कर दी। प्रदर्शनकारियों ने सड़क के एक तरफ टेंट लगा दिया, जबकि दूसरी ओर ट्राली खड़ी कर और गोबर डालकर रास्ता बंद कर दिया। इसके कारण यातायात प्रभावित रहा। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस ने रूट डायवर्ट कर ट्रैफिक को नियंत्रित किया।

सुबह करीब 10 बजे बड़ी संख्या में डेयरी मालिक मुख्य सड़क पर एकत्रित हुए और दोपहर 12 बजे तक धरना जारी रखा। बाद में नगर निगम अधिकारियों के आश्वासन के बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। डेयरी एसोसिएशन के प्रधान कुलदीप सिंह लाहोरिया ने बताया कि डेयरी कॉम्प्लेक्स में पिछले कई महीनों से गोबर के ढेर और पानी निकासी की गंभीर समस्या बनी हुई है। नगर निगम को कई बार शिकायतें देने के बावजूद स्थायी समाधान नहीं किया गया। पहले भी आंदोलन की चेतावनी दी गई थी, लेकिन निगम कमिश्नर और डीसी के आश्वासन पर धरना स्थगित कर दिया गया था।

उन्होंने कहा कि निगम की ओर से एक बार गोबर और पानी की सफाई करवाई गई थी, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर वही स्थिति बन गई। स्थायी समाधान की बजाय अस्थायी उपाय किए जा रहे हैं, जिससे डेयरी मालिकों को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। लाहोरिया के अनुसार निकासी व्यवस्था न होने से डेयरियों का गंदा पानी सड़कों पर जमा हो जाता है। हालात ऐसे हैं कि कई बार डेयरी संचालक अपनी डेयरियों तक नहीं पहुंच पाते। पशु भी कई दिनों तक पानी में खड़े रहने को मजबूर होते हैं, जिससे कई पशुओं की मौत तक हो चुकी है।

**▪ जोनल कमिश्नर मौके पर पहुंचे...**

*धरने की सूचना मिलने पर जोनल कमिश्नर जसदेव सिंह सेखों मौके पर पहुंचे और डेयरी मालिकों से बातचीत की। उन्होंने जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने धरना समाप्त कर दिया। हालांकि डेयरी मालिकों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे दोबारा इसी स्थान पर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।*

# डबल मर्डर केस में परिचित ही निकला आरोपी पैसों के लालच में बुजुर्ग दंपती की हत्या की

## पुलिस ने ह्यूमन इंटेलिजेंस की मदद से किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना में हुए सनसनीखेज डबल मर्डर केस का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में बुजुर्ग दंपती की हत्या के आरोप में एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जो पीड़ित परिवार का ही परिचित निकला। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह हत्या पैसों के लालच में की गई थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जांच में तकनीकी साक्ष्यों के साथ-साथ ह्यूमन इंटेलिजेंस (स्थानीय सूचना तंत्र) की अहम भूमिका रही, जिसके आधार पर आरोपी तक पहुंच संभव हो सकी।

**▪ भरोसे का फायदा उठाकर दिया घटना को अंजाम...**

*पुलिस जांच के अनुसार, आरोपी का पीड़ित परिवार से पहले से परिचय था और उसे घर के अंदर आने-जाने की जानकारी थी। इसी भरोसे का फायदा उठाकर उसने वारदात को अंजाम दिया। प्रारंभिक निष्कर्ष बताते हैं कि आरोपी को पता था कि दंपती के पास नकदी और कीमती सामान मौजूद था। हत्या के बाद आरोपी ने सबूत मिटाने की भी कोशिश की, लेकिन पुलिस को घटनास्थल से मिले सुरागों और आसपास के लोगों से मिली जानकारी ने जांच को आगे बढ़ाया।*

**▪ पुलिस की जांच और गिरफ्तारी...**

*पुलिस ने बताया कि मामले को सुलझाने के लिए कई टीमों का गठन किया गया था। तकनीकी निगरानी के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर पूछताछ भी की गई। इसी दौरान मिले इनपुट के आधार पर आरोपी की पहचान हुई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी से पूछताछ जारी है और यह भी जांच की जा रही है कि क्या इस अपराध में कोई और व्यक्ति शामिल था। इलाके में इस घटना के खुलासे के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है, लेकिन साथ ही चिंता भी जताई है कि एक परिचित द्वारा की गई यह वारदात भरोसे की भावना को झकझोर देती है। एक स्थानीय निवासी ने कहा, "ऐसी घटनाएं डर पैदा करती हैं, क्योंकि अपराधी बाहर का नहीं बल्कि जान-पहचान का निकला।"*

**▪ बढ़ते घरेलू अपराधों पर चिंता...**

*विशेषज्ञों का मानना है कि हाल के वर्षों में लालच और व्यक्तिगत संबंधों में टूटन के कारण ऐसे अपराधों में वृद्धि देखी जा रही है। पुलिस भी ऐसे मामलों में सामाजिक निगरानी और जागरूकता बढ़ाने पर जोर दे रही है। लुधियाना डबल मर्डर केस का खुलासा पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। हालांकि, यह घटना समाज में विश्वास और सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल भी खड़े करती है। फिलहाल पुलिस आरोपी से आगे की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।*

# नशे, गुंडागर्दी, अपराध का पूरा सफाया होगा: रणजीत ढिल्लों



दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

शिरोमणि अकाली दल के पूर्व विधायक रणजीत सिंह ढिल्लों ने पंजाब को एक बार फिर अमन, भाईचारे, सुरक्षा और खुशहाली के रास्ते पर ले जाने का संकल्प दोहराते हुए कहा है कि राज्य से नशाखोरी, गुंडागर्दी, फिरौती, लूटपाट और अन्य समाज विरोधी गतिविधियों का पूरी तरह खात्मा शिअद की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल होगा।

रणजीत सिंह ढिल्लों ने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सबसे पहले प्रेम, जागरूकता और सामाजिक सुधार का मार्ग अपनाया जाएगा। पूरे प्रदेश में धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा युवाओं को पंजाब के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध विरासत और गुरु साहिबानों की शिक्षाओं से जोड़ा जाएगा। अकाली दल का विश्वास है कि बड़ी संख्या में युवा इस मुहिम से जुड़कर नशे और अपराध के रास्ते को छोड़कर समाज के जिम्मेदार और आदर्श नागरिक बनेंगे।

उन्होंने ने स्पष्ट किया कि जो तत्व लोगों के जीवन और संपत्ति के लिए खतरा बने रहेंगे तथा फिरौती, लूटपाट, नशा तस्करी और गुंडागर्दी जैसी गतिविधियों में शामिल पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। राज्य में कानून का राज स्थापित किया जाएगा और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। प्रत्येक नागरिक भयमुक्त और सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार रखता है।

# सूर्या हत्याकांड के दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई: मोनू

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़

गाजियाबाद के खोड़ा क्षेत्र में 17 वर्षीय युवक सूर्या की निर्मम हत्या की घटना को लेकर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल में रोष व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 मई को सूर्या को कथित रूप से बकरीद के बहाने बुलाया गया, जहां उस पर चाकुओं से हमला किया गया। गंभीर रूप से घायल सूर्या की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला महामंत्री मनप्रीत सिंह मोनू व कार्यकर्ता रिषभ तिवारी ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि एक नाबालिग युवक की इस प्रकार बेरहमी से हत्या किया जाना अत्यंत दुखद और निंदनीय है।

कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाली ऐसी घटनाओं के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। मनप्रीत सिंह मोनू ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि मामले की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कर सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए तथा उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है।

समाज में शांति, सौहार्द और कानून का सम्मान बनाए रखने के लिए अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश जाना आवश्यक है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और सूर्या को श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

# पश्चिम बंगाल में परिवर्तन लोकतांत्रिक जीत का प्रतीक : अमन

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़

सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर, जोशी नगर धाम के प्रधान अमन जैन ने पश्चिम बंगाल में हुए राजनीतिक बदलाव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता का निर्णय ही अंतिम और सर्वोच्च होता है। जनता जब परिवर्तन का मन बनाती है तो उसका प्रभाव केवल सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक व्यवस्था में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिलते हैं।

अमन जैन ने कहा कि उनके अनुसार पश्चिम बंगाल की जनता लंबे समय तक स्वार्थ आधारित राजनीति और विभिन्न राजनीतिक दबावों के बीच अपनी आकांक्षाओं के अनुरूप विकास से वंचित रही। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस परिवर्तन का समर्थन किया है, उसे वे "पुरानी राजनीतिक बेड़ियों से मुक्ति" के रूप में देखते हैं।

उनका मानना है कि अब लोगों को अपनी बात खुलकर रखने का अवसर मिलेगा। अमन जैन ने आशा व्यक्त की कि पश्चिम बंगाल में शांति, विकास और सुशासन का नया अध्याय शुरू होगा तथा प्रदेश की जनता को एक सुरक्षित, समृद्ध और प्रगतिशील वातावरण प्राप्त होगा।

# युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत ड्रग तस्कर गुरदीप राणो की अवैध कोठी ध्वस्त

समर न्यूज़ | खन्ना/लुधियाना

पंजाब सरकार के "युद्ध नशों विरुद्ध" अभियान के तहत सोमवार को खन्ना में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्रेटर लुधियाना एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (ग्लाडा) और पुलिस प्रशासन ने कथित ड्रग तस्कर एवं पूर्व सरपंच गुरदीप सिंह राणो की अवैध आलीशान संपत्ति को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। ग्लाडा के जिला टाउन प्लानर (रेगुलेटरी) प्रदीप कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई अतिरिक्त मुख्य प्रशासक (ग्लाडा) विकास हीरा के निर्देशों और राज्य सरकार की गाइडलाइन के अनुसार की गई। अभियान में ग्लाडा के कई वरिष्ठ अधिकारी और इंजीनियरिंग टीम शामिल रही। संयुक्त प्रवर्तन अभियान के तहत पायल उपमंडल के गांव राणो में स्थित गुरदीप सिंह राणो द्वारा निर्मित अवैध ढांचों को निशाना बनाया गया।

करीब 11 कनाल 11 मरले में फैली इस संपत्ति के बड़े हिस्से को ग्लाडा ने पहले ही अवैध घोषित कर दिया था, जिसके बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। यह अभियान खन्ना पुलिस और ग्लाडा के संयुक्त समन्वय से एसएसपी डॉ. दर्पण अहलूवालिया की निगरानी में चलाया गया।

**▪ गुरदीप के खिलाफ दर्ज हैं 10 आपराधिक मामले...** *पायल के डीएसपी हरमनप्रीत सिंह चीमा ने बताया कि गुरदीप सिंह राणो के खिलाफ नशा तस्करी समेत गंभीर अपराधों के 10 आपराधिक मामले दर्ज हैं। डीएसपी चीमा ने कहा कि प्रशासन की नशा तस्करों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति है और ड्रग माफिया के खिलाफ किसी भी स्तर पर नरमी नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस अब केवल आरोपियों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है, बल्कि नशे के कारोबार से अर्जित अवैध संपत्तियों को भी निशाना बनाया जा रहा है ताकि ड्रग नेटवर्क की आर्थिक कमर तोड़ी जा सके। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने गुरदीप सिंह राणो को करीब 5 किलोग्राम हेरोइन बरामद होने के बाद गिरफ्तार किया था। एसएसपी डॉ. दर्पण अहलूवालिया ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और गौरव यादव के निर्देशों के तहत खन्ना पुलिस पंजाब को नशा मुक्त बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि नशा तस्करों की अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई आने वाले दिनों में और तेज की जाएगी।*

## सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, मेयर और निगम कमिश्नर ने अधिकारियों को किया अलर्ट

# खुले में कूड़ा फेंकने वालों पर होगी कार्रवाई, सफाई कर्मचारियों पर होगी सख्ती

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़



शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर निगम ने सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। सोमवार को मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर और नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कात्याल गुप्ता ने सराभा नगर स्थित जोन-डी कार्यालय में स्वास्थ्य शाखा के अधिकारियों के साथ बैठक कर सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक के दौरान अधिकारियों को शहर में स्थापित स्टेटिक कंपेक्टर साइटों के सुचारू संचालन और कूड़े की नियमित उठान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही खुले में कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने और जरूरत पड़ने पर चालान जारी करने के आदेश भी दिए गए। मेयर और निगम कमिश्नर ने अधिकारियों को निगम के मुख्य डंप साइट की नियमित निगरानी करने तथा शहर में कहीं भी कूड़े के ढेर न लगने देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य शाखा के अधिकारियों को सफाई कर्मचारियों की रोजाना हाजिरी जांचने और सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा।

बैठक में सहायक निगम कमिश्नर जसदेव सिंह सेखों, सीएसओ अश्विनी सहोता, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विपल मल्होत्रा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारी नियमित रूप से फील्ड में जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि आने वाले दिनों में वे स्वयं भी निरीक्षण करेंगी।

संकीर्तन

## अधिक मास में गूंजा हरिनाम, महामंत्र जाप के 15वें दिन भक्त हुए भाव-विभोर

# सात को लगेगा मंदिर में आंखों का मेडिकल चेकअप कैंप: पं. राज शर्मा

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़



श्री सिद्ध पीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) के पावन अवसर पर आयोजित साप्ताहिक हरिनाम संकीर्तन एवं 30 दिवसीय महामंत्र जाप के 15वें दिन का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित श्री राज कुमार शर्मा ने की। साप्ताहिक हरिनाम संकीर्तन में हरिपाल आहूजा, केशव जोशी, विशाल अरोड़ा, ललित शर्मा, अश्वनी ग्रोवर, प्रिंस छाबड़ा, सोमनाथ बाबू, कपिल शर्मा, ब्रजमोहन ढींगरा, संदीप लांबा और राघव उप्पल सहित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से "हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे" महामंत्र का जाप कर भक्तों को नाम रस में सराबोर कर दिया। इस दौरान "सबसे ऊंची प्रेम सगाई", "देखा भाला है सारा जहां, मेरी लाडो जैसा कोई कहां", "प्यारी श्यामा प्यारो श्याम, प्यारो वृंदावन धाम" सहित अनेक मधुर भजनों का गायन किया गया। संपूर्ण मंदिर परिसर भक्ति रस, संकीर्तन और प्रभु नाम के जयघोष से गूंजता रहा। इस अवसर पर पंडित श्री राज कुमार शर्मा ने कहा कि अधिक मास भगवान की विशेष कृपा प्राप्त करने का दुर्लभ अवसर है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचकर श्री ठाकुर जी एवं श्री महाराज जी के नाम का स्मरण करना उनकी अटूट आस्था और प्रभु कृपा का प्रतीक है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक समय प्रभु भक्ति, नाम जाप और सत्संग में लगाने का आह्वान किया। पं. राज कुमार शर्मा जी ने कहा कि 7 जून रविवार को आँखों के मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमे आंखों,ईएनटी, बीपी और शुगर आदि का चैकअप माहिर डॉक्टरों द्वारा किया जाएगा। इसके साथ उन्होंने बताया कि 30 दिवसीय महामंत्र जाप का आयोजन प्रतिदिन सायं 7 बजे से 8:30 बजे तक 15 जून तक निरंतर जारी रहेगा।

कार्यक्रम के अंत में सामूहिक प्रार्थना, आरती और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर प्रबंधन ने सभी भक्तों से अधिक मास के पावन अवसर पर चल रहे इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की।

# सतलुत किनारे शून्य प्रभु की अध्यक्षता में साप्ताहिक हवन

शुभम शर्मा | फिल्लौर
समर न्यूज़




सतलुज किनारे स्थित शनिगांव में साप्ताहिक हवन व प्रार्थना सभा का आयोजन शून्य प्रभु की अध्यक्षता में किया गया। सभा में शून्य प्रभु ने कहा कि बच्चे मन के सच्चे होते है, यह बात सौ फीसदी सच है। सिर्फ यह मानना कि हम बच्चों को केवल सिखा ही सकते है और उनसे हमें कुछ सीखने की आवश्यकता नही। ऐसा सोचना एक भूल ही है।

उन्होंने कहा कि बच्चे कोमल ह्दय एवं भविष्य तथा अतीत से पूरी तरह अंजान होते है। वे जीवन के क्षण क्षण को भरपूर जीते है। उन्हीं से सीखते हुए बड़े भी अपने भीतर के बच्चे को छिपा कर न रखें बल्कि हर दिन हंसते खेलते हुए जीवन का आनंद लें। ईश्वर की बनाई इस अनमोल सृष्टि में खुशियां बटोरें तथा औरो के लिए सद्कर्मो को जारी रखें। उन्होंने कहा कि बच्चो को भी बड़े की भांति सम्मान मिलना चाहिए। बच्चे हमारे आचरण, हमारी आदतों सभी को देखते है और उन्हीं का अनुसरण भी करना शुरू कर देते है। इसलिए यह आवश्यक है कि हम छोटे बच्चों को एक स्वतंत्र वातावरण दें। बच्चों को डराएं नही, अपितु प्यार व दुलार से उन्हें हमेशा प्रेम का वातावरण दें।

ग्रुप एडिटर: अर्शदीप सिंह। मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। *समाचार चयन के लिए PRP एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्यायाधिकार क्षेत्र लुधियाना होगा। RNI No. CHMUL/25/A1155